29

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

सं०सं०–2/एम–14/2021– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026

स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना के पत्रांक/ज्ञापांक–5349/B/2021, दिनांक–22.10.2021 द्वारा तेलंगाना कैडर की उप शल्य चिकित्सा पदाधिकारी डा० बी० ललिता की सेवा को अन्तर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति के आधार पर 05 वर्षों के लिए स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सौंपा गया था। अग्रेतर विभागीय अधिसूचना संख्या–1513(2), दिनांक–22.08.2025 द्वारा डा० बी० ललिता को अपर स्थानिक आयुक्त के रिक्त पद के विरुद्ध अपने ही वेतनमान में बिहार भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में दिनांक–22.10.2026 तक के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर पदस्थापित किया गया था।

2. उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना सरकार के पत्रांक–1798/B/2026, दिनांक–08.09.2026 से प्राप्त अनापत्ति के आलोक में डा० बी० ललिता को बिहार सरकार में प्रतिनियुक्ति की सेवा को दिनांक–22.10.2026 से 21.10.2028 (दो वर्ष) तक विभागीय अधिसूचना संख्या–2542(2), दिनांक–21.10.2026 द्वारा विस्तार करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3. वर्णित स्थिति में डा० बी० ललिता (सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में) को अपने ही वेतनमान में सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर गर्दनीबाग अस्पताल, पटना में पदस्थापित करते हुए बिहार भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्त किया जाता है।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–

(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/एम–14/2021– 2622(2) **/स्वा०, पटना, दिनांक** 3/11/**2026**

प्रतिलिपि: महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना/ई–गजट कोषांग वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना सरकार को उनके पत्रांक–1798/B/2026, दिनांक–08.09.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि: माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना/सभी विशेष सचिव/सभी अपर सचिव/सभी संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः क्षेत्रीय अपर निदेशक, पटना प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना/ अधीक्षक, गर्दनीबाग अस्पताल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला कोषागार पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः डा० बी० ललिता सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में प्रतीक्षारत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः श्री अमित कुमार, डाटा एनालिस्ट, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

31/12/26

सरकार के उप सचिव।

26227
31/12/26